आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 21.06.2026
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- दुनियाभर में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता के रेड रोड पर योगाभ्यास किया।
- प्रदेश में भी अंतराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और जनसहभागिता के साथ मनाया गया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत के बनबसा में बड़ी संख्या में योग साधकों के संग योगाभ्यास कर , योग को जीवनशैली बनाने का आह्वान किया।
- और...चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए देश—विदेश में नीट यूजी पुनर्परीक्षा आज।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

देश भर में आज 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है— बढती उम्र के प्रभाव को रोकने के लिए योग।

मुख्य आयोजन आज पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में रेड रोड पर हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यक्रम में योगाभ्यास का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि योग पूरे विश्व को साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

प्रधानमंत्री मोदी ने योग को शारीरिक और मानसिक शांति प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट साधन बताया।

कई केंद्रीय और राज्यमंत्री भी कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

प्रदेश में भी अंतराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और जनसहभागिता के साथ मनाया गया। राज्य के सभी जिलों में विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों को आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अवसर पर चम्पावत जिले के बनबसा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों, सशस्त्र सीमा बल के जवानों, छात्र—छात्राओं, युवाओं, मातृशक्ति और वरिष्ठ नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है। वर्तमान समय में तनाव, अवसाद और अस्वस्थ जीवनशैली से उत्पन्न चुनौतियों के बीच योग एक प्रभावी प्राकृतिक उपचार प्रणाली के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने युवाओं

से आह्वान किया कि वे योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं तथा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाएं। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक पहचान मिली और आज विश्व के 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग से जुड़ चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बनबसा में राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य शारदा नदी तट पर योग और आध्यात्मिक साधना को व्यापक रूप से बढ़ावा देना है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

इस बीच राजधानी देहरादून में विश्व योग दिवस के पर देहरादून में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रतिभागियों के साथ योग कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा नियमित योग के शारीरिक और मानसिक लाभों पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री उनियाल ने कहा कि योग आज केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकाले, तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है और बेहतर जीवनशैली अपनाई जा सकती है।

नीट परीक्षा

स्नातक मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए नीट की आज दोबारा परीक्षा ली जा रही है। हमारे संवददाता ने बताया है कि परीक्षा सफल रूप से कराने के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं।
इस बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि आज आयोजित नीट–यूजी पुनर्परीक्षा में 22 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं और अभ्यर्थी बिना किसी भय के परीक्षा दें।
श्री प्रधान ने यह भी बताया कि सीबीएसई के शेष परीक्षा परिणाम जल्द जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अधिकांश परिणाम घोषित किए जा चुके हैं और पुनर्मूल्यांकन तथा सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बाकी परिणाम भी जल्द प्रकाशित कर दिए जाएंगे।
राज्य में भी पुनर्परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सरकार ने परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए नो–रिस्क रणनीति अपनाई है। राज्य में 53 परीक्षा केंद्रों पर करीब 21 हजार अभ्यर्थी कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा देगें।

सिटी फॉरेस्ट पार्क निरीक्षण

राजधानी देहरादून के सहस्त्रधारा रोड स्थित एमडीडीए के सिटी फॉरेस्ट पार्क को और अधिक आकर्षक एवं जनसुविधाओं से युक्त बनाने की दिशा में कदम तेज हो गए हैं। इसी के मद्देनजर मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने 12 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित इस आधुनिक पार्क का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया और लोगों से सीधे संवाद कर जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को पार्क में डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि पार्क आने वाले लोगों के सुझाव प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन क्यूआर कोड आधारित फीडबैक सिस्टम विकसित किया जाए।